हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार, फरवरी 1, 2025

10 उद्यमियों का सुझाव, झज्जर या रोहतक में ड्राइपोर्ट बनाया जाए



11 चोरों के निशाने पर खेत, रात के अंधेरे में चुराए जा रहे सोलर मोटर



**खबर संक्षेप**

### चौधरी छोटूराम धर्मशाला में रक्तदान शिविर आज

**झज्जर।** शनिवार को शहर के रोहतक रोड स्थित दीनबंधु चौधरी छोटूराम धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति सदस्य रामअवतार उर्फ दीपक ने बताया कि प्रातः नौ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक चलने वाले इस शिविर में स्थानीय नागरिक अस्पताल व जिला रेडक्रॉस सोसायटी की टीम सेवाएं देंगी।

### शिविर में कई लोगों ने किया रक्तदान

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को माई दौज के अवसर पर गांव आसौदा स्थित दादा बूढा मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में काफी लोगों की स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की गई। वहीं लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल की टीम ने शिविर में सेवाएं दीं। पंडित हरिप्रकाश, बंटी दलाल सहित अन्य ग्रामीण इस अवसर पर मौजूद थे।

### नाले पर रखी प्लास्टिक की पाइप चोरी

**झज्जर।** बाबरा ग्राम सरपंच द्वारा गांव में बनाए गए नाले के ऊपर रखी प्लास्टिक पाइपों के चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम सरपंच साधना ने बताया कि उनके गांव के पास बने नाले के ऊपर लोहे का जाल नहीं था इसलिए वहां प्लास्टिक की काली पाइपें रखवाई गई थीं। बीती 29 जनवरी को उसने देखा कि नाले के ऊपर रखी प्लास्टिक की पाइप चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अपने रुपये मांगे तो अभद्र व्यवहार किया

**बहादुरगढ़।** शहर के जटवाड़ा मोहल्ला की निवासी एक महिला की यूपीआई आईडी से अंजाने में एक नंबर पर रुपये ट्रांसफर हो गए। जब महिला ने अपने रुपये उस शख्स से वापस मांगे तो उसने बुरा बर्ताव किया। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने कहा है कि खाते से 21 हजार रुपये ट्रांसफर हुए हैं। जिसके पास हुए हैं, वह यूपी का निवासी बदरे आलम है। जब हमने उससे रुपये वापस मांगे तो वह गाली गलोच करने लगा। फिर अपना नंबर बंद कर लिया। उधर, सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बैंक के पास से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर में दोपहिया वाहनों की चोरी नहीं थम रही। अब एमआईई से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। दिल्ली के निवासी विकास का कहना है कि वह नेट का काम करने के लिए एमआईई में आया था। यहां एक निजी बैंक के पास बाइक खड़ी कर दी। कुछ देर बाद लौटा तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। उसकी शिकायत पर एमआईई चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कोहरे ने एक बार फिर रोकी वाहनों की रफ्तार, बढ़ी ठंडक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदला और दिन की शुरुआत कोहरे के साथ हुई। बाहरी क्षेत्रों में घने कोहरे के कारण यातायात प्रभावित रहा और वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में दिनभर मौसम साफ रहा और आसमान में धूप खिली रही। लेकिन सांय बाद एकाएक फिर मौसम ने करवट ली और एकाएक घना कोहरा छा गया। जिसके कारण तापमान में गिरवाट आ गई और लोगों को ठंड का खूब अहसास हुआ।

विशेषज्ञ शुक्रवार रात से मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। विशेषज्ञों के अनुसार आगामी तीन चार दिनों तक बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की संभावना है। उधर, किसानों का कहना है कि सामान्य बारिश सभी फसलों के लिए लाभदायक है। किसान बिट्टू चाहार ने बताया कि बारिश गेहूं व सरसों दोनों फसलों के लिए फायदेमंद है। अगर तेज बारिश के साथ हवाएं चलती है और ओलावृष्टि होती है तो किसानों को नुकसान होगा। वहीं किसान कृष्ण गुलिया का कहना है कि कोहरा गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है लेकिन सरसों की फसल के लिए हानिकारक है। कोहरे से जहां गेहूं की पैदावार बढ़ेगी, वहीं सरसों की फसल में बीमारियां फैलने का खतरा है।





घने कोहरे के बीच गुजरते वाहन

## दो दोस्तों को लाठी-डंडों से पीटा, गाड़ी भी तोड़ी

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा में गाड़ी सवार दो दोस्तों पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। लाठी, डंडों से उनकी पिटाई की गई। इतना ही नहीं उनकी गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए गए। इस दौरान उनका मोबाइल गायब हो गया। पीड़ितों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। उनकी शिकायत पर दो नामजद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। वारदात संजीत और आशीष के साथ हुई है। संजीत का कहना है कि वीरवार को वह अपने पड़ोसी आशीष के साथ गाड़ी में सवार होकर आ रहा था। जब हम शहीदी पार्क के पास पहुंचे तो पीछे से दो गाड़ी आई। एक गाड़ी ने आगे आकर हमारा रास्ता रोक लिया। उसमें से सुनील व शक्ति तथा तीन, चार अज्ञात युवक उतरे। उनके हाथ में डंडे थे। आते ही उन्होंने मुझे गाड़ी से निकाला और मारपीट शुरू कर दी। आशीष बीच बचाव करने लगा तो उस पर भी हमला कर दिया गया। हम दोनों पर डंडों से बेहरमीपूर्वक वार किए गए। इसके बाद वे धमकी देकर भाग गए। मारपीट में हमारा फोन भी गायब हो गया। परिजनों ने हमको अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। उधर, सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और घायलों के बयान लिए। संजीत की शिकायत पर इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



बहादुरगढ़। बुजुर्ग के हाथों काम की शुरुआत कराते चेयरपर्सन व पार्षद।

## 19 लाख की लागत से बनेंगी तीन गलियां

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड-18 में करीब 19 लाख की लागत से तीन गलियां बनाई जाएंगी। शुक्रवार को चेयरपर्सन सरोज राठी व वार्ड पार्षद संदीप दहिया ने मौजिज लोगों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। मास्टर अतर सिंह छिकारा, शमशेर दलाल, प्रह्लाद खत्री, राकेश दलाल, आशीष, नरेश छिकारा व नवीन हुड्डा आदि इस अवसर पर मौजूद थे। पार्षद संदीप दहिया ने बताया कि करीब 19 लाख का टेंडर है। तीन गलियां बनाई जाएंगी। गलियां बनने के बाद लोगों को लाभ होगा। लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराना ही उनका मकसद है। चेयरपर्सन सरोज राठी व पार्षद संदीप दहिया का लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

### नौकरी की तलाश में निकला युवक लापता

**बहादुरगढ़।** नौकरी की तलाश के लिए घर से निकला एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता-पता नहीं है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। एचएल सिटी का निवासी करीब 30 वर्षीय करमजीत 28 जनवरी की सुबह काम की तलाश में घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। देर शाम तक नहीं लौटा तो परिजनों ने उससे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। फिर पुलिस को सूचना दी। सदर थाने में इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी युवक का सुराग नहीं लग पाया है। उधर, सदर थाने से मामले के जांच अधिकारी का कहना है कि युवक को तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मीटिंग में कर्मचारियों ने अपनी मांगों और समस्याओं पर किया मंथन

# निजीकरण और ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

शुक्रवार को ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बहादुरगढ़ में सब-यूनिट स्तर पर गेट मीटिंग हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

निजीकरण व ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध तथा अपनी मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों द्वारा लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बहादुरगढ़ में सब-यूनिट स्तर पर गेट मीटिंग हुई। मीटिंग में कर्मचारियों ने अपनी मांगों और समस्याओं पर मंथन किया। इसके बाद मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी भी की गई।

राज्य उपप्रधान बंसी लाल, केंद्रीय कमेटी सदस्य रवींद्र दलाल मुख्य रूप से बैठक में शामिल हुए। अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान संदीप ने की। जबकि मंच संचालन सचिव हरीश ने किया। कर्मचारी नेता बंसीलाल ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन को छोड़कर यूपीएस लागू कर रही है। जिससे कर्मचारियों को बेहद नुकसान होगा।

इसके अलावा चंडीगढ़ में बिजली विभाग के निजीकरण के कारण अन्य कर्मचारियों को अस्थाई तौर पर चंडीगढ़ से डेप्यूट करने के लिए लेटर जारी किया गया है। लेकिन कर्मचारियों का फैसला है कि कोई भी चंडीगढ़ नहीं जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि किसी भी विभाग को प्राइवेट हाथों में तब दिया जाता था, जब वह घाटे में चल रहा हो। लेकिन आज के दिन चंडीगढ़ बिजली विभाग मुनाफे में चल रहा है। फिर भी सरकारी महकमे को प्राइवेट हाथों में देना बहुत गलत हैं। बिजली को प्राइवेट हाथों में देने से उपभोक्ता पर भी बुरा असर पड़ेगा।

सरकार स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। जिससे महंगाई व आम जन को परेशानी झेलनी पड़ेगी। सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया तो आने वाले समय में और बड़ा आंदोलन करने के लिए यूनियन मजबूर होगी। सिटी-2 सब डिविजन प्रधान ने भी विचार रखे। मौके पर कृष्ण, मधु, कांता, भगत, रवि, संजय, दिनेश, रवींद्र नागर, अनूप शर्मा, प्रदीप, राज कुमार, भगत, आरिफ खान सतीश, रामफूल, संदीप, राकेश, कुलवंत, कुलदीप रंगा, अनिल, संजय, नवीन, युद्धवीर, ललित, निशा, संजीव, नरेश आदि मौजूद थे।



बहादुरगढ़। मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### कर्मचारियों की चंडीगढ़ ड्यूटी लगाए जाने पर जताया रोष

**झज्जर।** चंडीगढ़ की बिजली व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रदेश के कर्मचारियों को ड्यूटी के लिए चंडीगढ़ भेजने के विरोध में स्थानीय बिजली निगम कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। यूनिट प्रधान एवं राज्य ऑडिटर राम दर्शन ने बताया कि शुक्रवार की प्रातः करीब दस बजे चारों सब डिविजनों के कर्मचारी राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर निगम कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने मुख्य मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके अलावा बिजली बोर्ड के सभी पदों को ऑनलाइन पॉलिसी के अंतर्गत ट्रांसफर करने की नीति का विरोध तथा एक महीने बाद भी डीसी रेट के कर्मचारियों की सेक्शंस अब तक ना देने को लेकर विरोध जताया गया। इस मौके पर सब-अर्बन सब-यूनिट प्रधान जयवीर, लक्ष्मीनारायण, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर, सिटी सब यूनिट प्रधान भूरा, हंसराज, नीतू, नीरज, बिजेंद्र, केशव, सुनील, जोगेंद्र, देवेन्द्र पूनिया, विजय कुमार, जगदीश व पवन सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद बिजली निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## नप कर्मचारियों ने दुकानदारों से निर्धारित सीमा में सामान रखने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार को नगर परिषद कर्मियों द्वारा शहर के बाजारों में जाकर दुकानदारों से बाजार में अतिक्रमण न करने और निर्धारित सीमा में सामान रखने की अपील की गई। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि शहर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर परिषद का सहयोग करें। अगर फिर भी दुकानदार नियमों की अवेहलना करते है तो नियमानुसार चालान करते हुए सामान भी जब्त किया जाएगा। उधर, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दुकानदारों से नियमों की पालना करने की बात कही। बता दें कि नगर परिषद द्वारा इन दिनों शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण में नालों के बाहर बनाए गए रैंप व सीढ़ियों को तोड़ा जा रहा है। वहीं दुकानदारों से नियमों की पालना करने की अपील भी की जा रही है। एमई मंदीप जांगड़ा ने बताया कि आगामी दिनों द्वारा नप प्रशासन द्वारा नालों पर किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया जाएगा। सोमवार को फिर नप टीम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।



झज्जर। दुकानदारों से अतिक्रमण न करने की अपील करते हुए नप कर्मी।

## फाइनेंस कंपनी से लिए लोन को बंद कराने के झांसे में गंवाए साढ़े चार लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गांव किरड़ौद निवासी एक व्यक्ति को इंटरनेट से फाइनेंस कंपनी का कस्टमर केयर नंबर निकालना उस समय महंगा पड़ गया जब उसने लोन बंद कराने के झांसे में आकर शातिर ठगों के बताए गए खाते में साढ़े चार लाख रुपये की राशि जमा करा दी। इसके बाद जब एनओसी लेने के लिए उसने संबंधित कंपनी के अधिकारियों से संपर्क साधा तो उसे धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस को दी शिकायत में नर सिंह ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का कार्य करता है तथा उसने एक फाइनेंस कंपनी से लोन ले रखा था। वह एक मुश्त राशि भरकर अपना लोन बंद कराना चाहता था इसलिए उसने मोबाइल पर संबंधित फाइनेंस कंपनी का कस्टमर केयर नंबर निकालकर संपर्क किया। कस्टमर केयर पर बात करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसका छह लाख चालीस हजार रुपये का लोन है। यदि वह लोन बंद कराना चाहता है तो उसे 451539 रुपये भरने पड़ेंगे। नर सिंह के अनुसार उसने बीती 27 जनवरी को उनके कहे अनुसार भेजे गए नंबर में अपने पुत्र आकाश के खाते से 451539 रुपये की राशि आरटीजीएस के माध्यम से जमा करा दी। इसके बाद जब उसने एनओसी लेने के लिए संबंधित कंपनी के अधिकारियों से बात की उनके पास कोई पेमेंट नहीं आई। उसे धोखाधड़ी का पता चला तो उसने साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

■ पीड़ित ने इंटरनेट से निकाला था संबंधित कंपनी का कस्टमर केयर नंबर

### ईंट खरीदने के नाम पर ठगे 49 हजार

**झज्जर।** गांव सुर्खपुर टप्पा हवेली निवासी एक ईंट भट्ठा संचालक के साथ ईंट खरीदने के नाम पर 49 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में अंजीत ने बताया कि वह गिरावड़ गांव स्थित एक ईंट भट्ठा पर कार्य करता है। उसके पास बीती 18 जनवरी को एक मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति को स्वयं को सिविल अस्पताल का डॉक्टर बताते हुए घर बनाने की बात कहकर ईंटों का भाव पूछा। जिसके बाद 65सौ रुपये प्रति हजार के भाव से सौदा किया गया। उसके बाद उस व्यक्ति ने कहा कि वह उसके फोन पर पेमेंट डलवा रहा है जिसके बाद अंजीत ने उसे ऑनलाइन बैंकिंग वाला नंबर दिया। अंजीत के अनुसार उसके बाद उस व्यक्ति का मैसेज आया जिसमें उसने कहा कि वह क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पेमेंट करा रहा है तथा उसमें 49 हजार रुपये पेमेंट डाल कर उसे ओके कर दे। इसके बाद जैसे ही उसने 49 हजार रुपये डाल कर ओके किए तो उसके खाते से वह राशि कट गई। जब उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ तो उसने 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज कराई।

### हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई

## बहादुरगढ़ में गंदगी के ढेरों से सड़ रहे चौक, चौराहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मांगों को लेकर बीते चार दिन से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल है। इस हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई। शहर के विभिन्न चौक, चौराहों पर कचरे के ढेर लगे हैं। नालियां भी गंदगी से सड़ रही हैं।

दरअसल, अनुबंधित कर्मचारियों को बीते तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। इस वजह से वे हड़ताल पर हैं। हालांकि बहादुरगढ़ में पक्के कर्मचारी भी हैं, लेकिन अनुबंधित सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का पूरा असर देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को पुरानी सब्जी मंडी के गेट के बाहर काफी दूर तक कचरा फैला हुआ था। इसी तरह गांधी चौक, सुभाष चौक, कमेटी चौक सहित कई चौकों पर गंदगी फैली हुई थी। बाजारों और गलियों में भी हालात बुरे थे। नालियां भी गंदगी से अटी हुई थी। लोगों का कहना है कि वैसे तो सामान्य दिनों में भी बहादुरगढ़ में सफाई व्यवस्था बिगड़ी रहती है लेकिन अब हड़ताल के चलते हालात और खराब हो गए हैं। चौराहों, गलियों में गंदगी सड़ रही है। कचरे का उठान नहीं हो रहा। जहां, जहां कचरे की भरमार है, वहां का वातावरण दूषित है। प्रशासनिक अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। यदि सफाई कर्मचारियों की मांग जायज है तो पूरा कर उन्हें वेतन दिया जाए ताकि वे काम पर लौट सके। इस तरह से तो आम नागरिकों को भी परेशानी हो रही है। शहर के निवासी सचिन ने कहा कि तमाम गंदगी को साफ कर कर्मचारी शहर को सुंदर बनाने में प्रयास करते हैं। कम से कम उन्हें वेतन तो समय पर मिलना ही चाहिए।



बहादुरगढ़। गांधी चौक पर लगा गंदगी का ढेर। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। झज्जर रोड पर सब्जी मंडी के बाहर फैली गंदगी। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। कर्मचारियों को संबोधित करतीं चेयरपर्सन सरोज राठी। फोटो: हरिभूमि

## चेयरपर्सन के आश्वासन पर खोली हड़ताल

**बहादुरगढ़।** वेतन संबंधित मांग को लेकर अनुबंधित सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। हालांकि शुक्रवार की दोपहर बाद चेयरपर्सन व अधिकारियों के आश्वासन पर कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी। चेयरपर्सन द्वारा 15 दिन के अंतर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया गया है। वहीं कर्मचारियों ने कहा है कि यदि इस समयावधि में उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह फिर से हड़ताल पर चले जाएंगे। शुक्रवार को चेयरपर्सन सरोज राठी ने धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों के बीच पहुंचकर उनसे बातचीत की। उन्हें आश्वासन दिया कि 15 फरवरी तक उनकी वेतन संबंधी समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में भी उन्होंने यह मामला ला दिया है और 15 दिन के अंदर ठेकेदार द्वारा आपका वेतन दे दिया जाएगा। उन्होंने ठेकेदार को भी कड़े निर्देश दिए है कि वह हर महीने समय अनुसार कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करें ताकि कर्मचारियों को परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप



### प्रिंसिपल महेश कुमार सेवानिवृत्त

**बहादुरगढ़।** शिक्षा विभाग में करीब 33 साल की सेवा अवधि के बाद सेक्टर-2 के निवासी महेश कुमार सेवानिवृत्त हो गए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुबाना में प्रिंसिपल पद पर रहते हुए उनकी सेवानिवृत्ति हुई है। स्कूल परिसर में उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। महेश कुमार ने वर्ष 1992 में दुल्हेड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एसएस मास्टर के पद से शिक्षा विभाग में अपनी सेवा आरंभ की। फिर खुंगाई, खेड़ी जट और खेड़का गुज्जर के स्कूल में सेवाएं दी। वर्ष 2013 में पदोन्नत होकर मुख्याध्यापक के पद पर छुड़ानी और देवरखाना स्कूल में अपनी सेवाएं दी। वर्ष-2024 में प्रिंसिपल के पद पर पदोन्नत होकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुबाना में सेवा दी। पंडित लख्मी चंद धर्मशाला समिति के प्रधान प्रवीण शर्मा और महासचिव सतीश शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षक को उर्जावान बने रहना चाहिए। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा झज्जर के प्रधान राजसिंह, खेड़का के सरपंच सुनील कुमार, प्रिंसिपल वीरेंद्र कुमार, नित्यानंद जाखड़, रोहित कुमार, नवीन दुल्हेड़ा, राकेश शास्त्री, श्यामलाल और उप प्राचार्या रीना देवी आदि उपस्थित रहे।



### छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में एनएसएस के तत्वाधान में प्रभारी डॉ. ललिता द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य छात्राओं को सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर एसीपी अखिल कुमार ने शिरकत की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को सड़क सुरक्षा नियम तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक किया। कैंप के दूसरे सत्र में एसआई सत्यप्रकाश ने स्वयं सेविकाओं को सड़क पर होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए नियम बताए। व्याख्यान के समापन पर आईडीटीआर इंस्ट्रक्टर राहुल ने स्वयं सेविकाओं के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर किए गए प्रश्नों का उत्तर दिया।



### सेवानिवृत्ति पर प्रिंसिपल को दी विदाई

**बहादुरगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुक्सर की प्रिंसिपल संगीता वर्मा शुक्रवार को शिक्षा विभाग में 31 वर्ष की सेवा अवधि के बाद सेवानिवृत्त हो गई। उनकी सेवानिवृत्ति पर स्कूल प्रांगण में विदाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिक्षकों ने उनका सम्मान किया। प्रिंसिपल संगीता वर्मा ने वर्ष-1994 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका के पद से शिक्षा विभाग में सेवा आरंभ की थी। इस स्कूल में 22 वर्ष 6 महीने प्राध्यापिका के पद पर कार्यरत रहीं। वर्ष-2017 में प्रिंसिपल पद पर पदोन्नत होकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढसा में पदभार संभाला। चार महीने बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुक्सर में प्रिंसिपल के पद पर स्थानातंरण हो गया। तब से अब तक इसी स्कूल में सेवाएं दी।

### कोबी कार्यालय में सेमिनार का आयोजन

# उद्यमियों का सुझाव, झज्जर या रोहतक में ड्राइपोर्ट बनाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने जिले के उद्योगों का प्रतिनिधित्व करते हुए शुक्रवार को गणपति धाम स्थित अपने कार्यालय में एक्सपोर्ट को लेकर सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में उपायुक्त प्रदीप दहिया, जिला उद्योग केंद्र की संयुक्त निदेशक संजीत कौर, जिला एमएसएमई केंद्र के उप निदेशक सुदर्शन और संयुक्त निदेशक नीलिमा आदि ने भाग लिया। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन (फियो) और डायरेक्टर जनरल आफ फारेन ट्रेड (डीजीएफटी) के सहयोग से निर्यात को बढ़ावा देने, उद्योगों को एक्सपोर्ट करने का मौका देने, निर्यात की क्षमता को बढ़ाने आदि विषयों पर फियो से डिप्टी डायरेक्टर मनीषा झा ने काफी महत्वपूर्ण जानकारी दी। सेमिनार में डीजीएफटी असिस्टेंट हेमलता हेदाऊ, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कारपोरेशन की मैनेजर कविता कुमारी और सिडबी से जितेंद्र जैन मौजूद रहे। सेमिनार में उद्यमियों ने बताया कि झज्जर और रोहतक जिले में बहुत तरह के उत्पादों का विभिन्न उद्योगों द्वारा अन्य देशों में निर्यात किया जाता है। झज्जर और रोहतक जिले के उद्योगपतियों ने इस कार्यक्रम में मौजूद विभागीय अधिकारियों के समक्ष झज्जर या रोहतक जिले में ड्राई पोर्ट बनवाने का सुझाव रखा ताकि यहां के आसपास के निर्यातकों को लाभ मिल सके। सेमिनार में कोबी के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, रवि चमरिया, अमृत गोयल, गणेश गुप्ता, विजेंद्र गुलाटी, दीपक साहनी, अनुज गोयल, मनोज गांधी, सुशील अग्रवाल, राजेश चोपड़ा आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। सेमिनार में मौजूद अधिकारी व उद्यमी।

# बेसहारा पशुओं के लिए काल बन रहे खुले नाले

## नाले में गिरने से गोवंश की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में जगह जगह नाले खुले पड़े हैं। ये खुले नाले गोवंश सहित अन्य बेसहारा जीवों के लिए काल बन गए हैं। आए दिन नालों में गिरकर जीव घायल हो रहे हैं। कई बार तो इनके प्राण तक चले जाते हैं। अब यहां मामन विहार में ब्रह्माकुमारी केंद्र के निकट नाले में गिरे गोवंश की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नाला बेहद तंग था और गोवंश काफी समय से इसमें गिरा हुआ था। काफी समय तक वह नाले में तड़पता रहता। शुक्रवार की सुबह जब किसी की नजर गई तो बचाव कार्य शुरू हुआ। नाले के आसपास खुदाई की गई। जिसके बाद गोवंश को निकाला जा सका लेकिन देर हो चुकी थी। इस घटना पर जीव प्रेमियों ने नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि शहर में आधे से अधिक नाले खुले हुए हैं। इन नालों में कई बार बेसहारा जीव गिर चुके हैं। देवीलाल पार्क के पास तो एक युवक की भी नाले में गिरकर मौत हो गई थी। बार-बार हादसे हो रहे हैं और सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी प्रशासन को कई बार नाले ढकवाने की मांग की जा चुकी है लेकिन इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा। जीव प्रेमियों ने कहा कि बहादुरगढ़ में अब तक काफी गोवंशों की नालों में गिरकर जान जा चुकी है। गोवंश बड़े जीव हैं तो दिख जाते हैं, अन्यथा छोटे जीव तो गिरने के बाद नजर में भी नहीं आते। न जाने कितने ही जीव इन खुले नालों के कारण मर जाते हैं। इस तरफ ध्यान दिए जाने की जरूरत है।



बहादुरगढ़। नाले में गिरा एक गोवंश।

### अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं मे चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा प्रियांशु, स्नातक तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान पाया। इसके साथ ही स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता मे भूपेंद्र स्नातक द्वितीय वर्ष ने तीसरा स्थान पाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. अनीता दलाल समेत सभी प्रोफेसर ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ समय समय पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



प्रियांशु



भूपेंद्र

# ग्रामीणों को महापंचायत का निमंत्रण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के तत्वावधान में आगामी दो फरवरी को ओचंदी गांव स्थित शिव मंदिर के पार्क में किसान महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। महापंचायत की तैयारी को लेकर भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के पदाधिकारी भी जोर-शोर से प्रचार, प्रसार में जुटे हैं।

इसी कड़ी में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने झज्जर जिले के आसौदा, रोहद, रेवाड़ी खेड़ा सहित अन्य गांवों में दौरा कर किसानों से महापंचायत की जानकारी दी। गांव बुपनिया में भी भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के प्रतिनिधियों ने किसान पंचायत की। इस दौरान ग्रामीणों को दो फरवरी को ओचंदी बॉर्डर पर होने वाली किसान महापंचायत में पहुंचने का निमंत्रण दिया। वक्ताओं ने कहा कि बुपनिया और ओचंदी गांव का गौत्र एक है। पहले भी बुपनिया गांव ने इस आंदोलन में साथ दिया था। अब दो फरवरी को भी बढ़चढ़ कर पंचायत शामिल होगी। महासचिव रोहतास दलाल ने कहा कि ये किसान महापंचायत एचटी लाइन आंदोलन को लेकर निर्णायक होगी। प्रदेश अध्यक्ष कर्मवीर दहिया ने कहा कि सभी किसान एकजुट होकर इस महापंचायत को सफल बनाने में जुटे हैं। नरेंद्र व वीरेंद्र ने भी पंचायत में पहुंचने का आश्वासन दिया। आजाद सिंह प्रधान, चांदराम, बलजीत, गजे सिंह, सुनील, सतपाल, अनूप, राजेश, कपूर सिंह, प्रहलाद, कृष्ण, नरेश, चेयरमैन दयानंद, जिले सिंह, उदय सिंह, ओमप्रकाश मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों के साथ मोर्चा के पदाधिकारी।

# यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में बहादुरगढ़ की टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बहादुरगढ़ ने पहला स्थान हासिल कर अगले सप्ताह कमिश्नरी स्तर पर होने वाली यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए हर साल शिक्षा विभाग के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने सदन की कार्रवाई को बहुत ही अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। सदन के अध्यक्ष के अभिवादन से लेकर, प्रश्न काल, शून्य काल, ध्यान आकर्षण प्रस्ताव, सदन में नए विधेयक का लाना सहित तमाम प्रक्रिया में बच्चों ने अपनी वाक पटुता और हाजिर जवाबी से यूथ पार्लियामेंट की इस प्रतियोगिता को सजीव रूप दिया। महक, रितु और हर्षवर्धन के उत्कृष्ट अभिनय की निर्णायक मंडल ने प्रशंसा की। सदन के अध्यक्ष की भूमिका में कृष्णा, महासचिव की भूमिका में जतिन के अलावा विवेका, नंदिनी, आशुतोष, दीक्षा, शैला, सक्षम, रवि, कार्तिकेय, अतुल के अलावा 50 छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। डाइट माछरोली की तरफ से निर्णायक मंडल में डॉ. जितेंद्र देशवाल, डॉ. विनय और डॉ. सुशील ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूल के राजनीतिक प्रवक्ता रितु देशवाल और नवनीत तथा इतिहास प्रवक्ता राकेश वत्स के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रिंसिपल मंजू रानी और वाइस प्रिंसिपल ऋषि सहरावत ने विजेता बच्चों का हौसला बढ़ाया और बधाई दी।



बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ।

# युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आसौदा में आयोजित कुश्ती दंगल में पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए पहलवानों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने युवाओं को नशे व बुराइयों से दूर होकर खेलों में भाग लेने को प्रेरित किया। गांव में पहुंचने पर आईपीएस मयंक मिश्रा का जोरदार स्वागत किया गया। बुजुर्गों ने पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। आईपीएस मिश्रा ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरु कराई। साथ ही युवाओं, बच्चों को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने को प्रेरित किया। उन्होंने गांव के लोगों, नौजवानों और मौजूद खिलाड़ियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा कोई भी हो, वह परिवार को बर्बाद कर देता है। उन्होंने युवाओं व आमजन से नशे के खिलाफ भी एक कमेटी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई नशा सप्लायर से है। अगर कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो पुलिस उसकी सहायता करेगी। समाज से नशे को दूर करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। तभी हम आने वाली पीढ़ी को एक नशा मुक्ति और अपराध मुक्त वातावरण दे सकते हैं। इसके लिए आप लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। अत्तर प्रधान, महेंद्र प्रधान, दर्शन प्रधान, उदय सिंह प्रधान, कृष्ण प्रधान, रविंद्र प्रधान, चेयरमैन सत्यवान, पूर्व चेयरमैन दयानंद, केडी, बबला आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। पहलवानों के हाथ मिलवा कुश्ती शुरु कराते उपायुक्त मयंक मिश्रा।

### जनसंपर्क अभियान चलाकर मांगा सहयोग

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने गांव बामड़ोली तथा लाइनपार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके तहत हैंडबिल बांटे तथा 25 फरवरी के चंडीगढ़/पंचकूला में होने वाले धरने प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। प्रदेश कमेटी सचिव जयकरण मांडोठी ने कहा कि नई एग्रीकल्चर मार्केटिंग पॉलिसी के तहत प्राइवेट मंडियां खोलने की इजाजत दी जा रही है। इससे सरकारी मंडी समाप्त होने का रास्ता खुलेगा और कॉरपोरेट को कृषि उपज को लूटने का अवसर मिलेगा। वहीं, सरकार बिजली क्षेत्र को प्राइवेट हाथों में देने व प्रीपेड बिजली मीटर लगाने पर उतारू है। इससे बिजली बेहद महंगी हो जाएगी। पेंशन महंगाई के अनुरूप नहीं बढती, जबकि सांसद अनेक बार अपनी पेंशन बढ़ा लेते हैं।

# दंगल में पहलवानों का उत्साह बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव आसौदा में ईनामी महिला कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। काफी महिला पहलवानों ने दंगल में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक कुश्ती मुकाबले देखने को मिले। लोगों ने दंगल में पहुंचकर महिला पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।

पूर्व मंत्री मांगेराम नंबरदार के पौत्र व भाजपा नेता शतीश नंबरदार के पुत्र कार्तिक राठी भी दंगल में पहुंचे। उन्होंने महिला पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। उन्हें आशीर्वाद देकर कुश्ती शुरु कराई। इस मौके पर राठी ने कहा कि खेलों में भाग लेने से शरीर मजबूत बनता है। मानसिक विकास भी होता है।

बच्चों व युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इससे पूर्व दंगल में पधारने पर कार्तिक राठी का आयोजन कमेटी के सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा बुजुर्गों ने पगड़ी बांधकर सम्मान किया। कार्तिक ने कहा कि आज हमारी बेटियां खेलों सहित सभी क्षेत्र में परचम लहा रही हैं। राठी ने दंगल आयोजित करने पर ग्रामीणों की सराहना की।



बहादुरगढ़। महिला पहलवानों का आशीर्वाद देते कार्तिक राठी।

## मामन विहार में खुले नाले में गिरने से गोवंश की मौत

# वार्षिक खेलों में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अशोका इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलों का शुभारंभ अतिथि डीएसओ नवीन कुमार, अर्जुन अवॉर्डी पूनम चोपड़ा व कोच संदीप शर्मा ने किया।

कक्षा नर्सरी से बैग पैक/कैप रेस में खुशांक पहले, कार्तिक दूसरे, खुशप्रीत तीसरे स्थान पर रहा। एलकेजी से ध्रुवी, सावी, तिवांशी वहीं, यूकेजी से नव्या, टीना, मानवी आदि ने बाजी मारी। कक्षा नर्सरी से बनाना रेस में कार्तिक, रुद्र, लक्षिता शीर्ष तीन पायदान पर रहे। इसी तरह एलकेजी बनाना रेस में मुदित, सावी व शिव ने बाजी मारी। यूकेजी में नीलेक्स, शौर्य, नव्या व टीना ने जीत दर्ज की। कक्षा पहली से लेमन रेस में गोल्डी पहले, काव्या दूसरे और परी तीसरे स्थान पर रही। कक्षा दूसरी की लेमन रेस में टीशा, अन्वी-विजय दूसरे तथा अन्वी-रोहताश तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा पहली से फ्राग रेस में ऋषभ, पवन व पुनीत शीर्ष पायदान पर रहे। कक्षा तीसरी से म्यूजिकल चेयर में वियांक, उमा हनी, यशिका ने जीत दर्ज की। चौथी की सैक रेस में पूर्वी (प्रथम), मानविक (द्वितीय), हिमांशु (तृतीया) रहे। कक्षा चौथी से म्यूजिकल चेयर में शताक्षी, दीपांशु, सिद्धार्थ ने बाजी मारी। पांचवीं की हर्डल रेस में आलिया-दिव्यांश पहले, कनिका-कनिष्क दूसरे तथा दिव्य-विनय तीसरे पायदान पर रहे। नौवीं से बारहवीं के खोखों मुकाबले में महक गुलिया की टीम ने विजेता और दिया की टीम उपविजेता रही। नौवीं से बारहवीं वालीबॉल में हिमांशु की टीम ने गोल्ड, राहुल की टीम ने सिल्वर जीता।




बहादुरगढ़। अतिथियों, शिक्षकों के साथ विजेता विद्यार्थी।

# विधायक राजेश जून ने महिला पहलवानों को दिया आशीर्वाद



**बहादुरगढ़।** हमारी बेटियां कुश्ती सहित सभी खेलों में सफलता का परचम लहराकर हम सभी का मान बढ़ा रही हैं। यह बात विधायक राजेश जून ने गांव आसौदा में आयोजित महिला कुश्ती दंगल में विजेता महिला पहलवानों को सम्मानित करते हुए कही। दंगल में पहुंचे विधायक राजेश जून का ग्राम पंचायत, ग्रामवासियों व आयोजन कमेटी के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। बुजुर्गों ने पगड़ी बांधकर सम्मान किया। विधायक राजेश जून ने 11 हजार रुपये की धनराशि आयोजन कमेटी को दान स्वरूप भेंट की। विधायक ने महिला पहलवानों का हाथ मिलाकर विशाल दंगल का शुभारंभ कराया तथा विजेता पहलवानों को सम्मानित भी किया। विधायक ने कहा कि आज खेलों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। इसलिए खेलों के प्रति बच्चों व युवाओं का रुझान बढ़ रहा है।

**खबर संक्षेप**

## पूर्व छात्र मिलन समारोह 5 को

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में आगामी पांच फरवरी को पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर अनीता रानी ने बताया कि प्रातः दस बजे संस्थान के सेमिनार हॉल में आयोजित होने वाले इस समारोह में संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थी भागी लेगें तथा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

## ट्राली चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा ट्रॉली चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी बेरी अमित कुमार ने बताया कि रणवीर निवासी गांव दूबलधन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन व नीरज दोनों निवासी दूबलधन जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपियों से चुराई गई ट्रॉली, गोड़ी लगाने की प्लाव मशीन व ट्रैक्टर बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शिविर में किया जा रहा लोगों की समस्याओं का समाधान

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये शिविर प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने के साथ-साथ सुशासन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## आर्य समाज का मासिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग कल

**झज्जर।** आर्य समाज झज्जर का मासिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया जाएगा। आर्य समाज के महामंत्री लाला प्रकाशवीर आर्य ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में वैदिक यज्ञ होगा। जिसमें पुरोहित प्रदीप शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चार किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के दूसरे चरण में सत्संग होगा, जिसमें गुरुग्राम से आर्य विद्वान हर्ष प्रिय मुख्य वक्ता होंगे। लाला प्रकाशवीर ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को आर्य समाज द्वारा वैदिक यज्ञ व सत्संग आयोजित किया जाता है और प्रत्येक रविवार को वैदिक आर्य कन्या स्कूल में बनी यज्ञशाला में यज्ञ करवाया जाता है।

## रजिस्ट्रेशन करवाने की अंतिम तिथि बढ़ाई

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि वर्षा और जलभराव के कारण जिन किसानों की फसल को नुकसान हुआ है, उनके लिए क्षति पूर्ति पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि दो दिन बढ़ा दी गई है। अब किसान तीन फरवरी तक अपने नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं। पहले यह पोर्टल एक फरवरी तक खुला था, लेकिन 25 और 26 जनवरी को तकनीकी कारणों से पोर्टल बंद रहने के कारण सरकार से इसकी अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

### पीड़ित किसान पुलिस से कर रहे फरियाद

# चोरों के निशाने पर खेत, रात के अंधेरे में चुरा रहे सोलर मोटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

चोरों द्वारा आजकल खेतों में लगी सोलर मोटर, कंट्रोलर, स्टार्टर तथा उनमें उपयोग की जाने वाली केबल को निशाना बनाया जा रहा है। रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए चोर खेतों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। यदि इसी माह में हुई इस प्रकार की चोरी की वारदातों पर नजर डाली जाए तो नए साल के पहले महीने में ही साल्हावास, मुंडाहेड़ा व महराणा के खेत से सोलर मोटर, शेरिया गांव के तीन किसानों के खेतों से सोलर कंट्रोलर व बेरी के छह किसानों के खेतों से कई मीटर लंबी केबल चोरी हो चुकी है। जिनकी कीमत हजारों रुपये की आंकी जा रही है। यह वारदातें सिर्फ वे है जिनके संबंध में चोरी की शिकायत दर्ज पीड़ित किसानों द्वारा दर्ज कराई गई हैं। बेरी के बैठान पाना निवासी किसान वीरेंद्र ने खेत में लगी सोलर प्लेट पर लगी केबल व स्टार्टर चोरी होने के संबंध में दी गई शिकायत बताया कि उसने अपने खेत में सोलर प्लेट व स्टार्टर मोटर लगा रखी है। जब वह बीती तीस जनवरी को अपने अपने खेत में गया तो सौलर प्लेट पर लगी केबल व स्टार्टर चोरी हुआ मिला, जिसकी कीमत करीब 45 हजार रुपये है। जब उसने चोरी के संबंध में पड़ोसी किसानों से बात की तो पता चला कि सज्जन सिंह की आठ मीटर केबल जिसकी अनुमानित कीमत दो हजार रुपये है वह भी चोरी हो गई। इसी प्रकार लक्ष्मण पुत्र सुरजभान के खेत से तीन हजार रुपये कीमत की दस मीटर केबल, राहुल के खेत से पन्द्रह मीटर केबल, बलजीत के खेत से सत्रह मीटर केबल, विनोद के खेत से आठ मीटर व संदीप के खेत से दस मीटर केबल चोरी हो गई। पीड़ित किसानों के अनुसार ये सभी सोलर प्लेट सरकार द्वारा पानी निकालने के लिए उनके खेतों में लगाऐ गए थे। जिनसे हजारों रुपये के उपकरण चोरी कर लिए गए। ये चोरियां 28 से 30 जनवरी के बीच हुई है।



झज्जर। इंटरनेट से लिया गया खेतों में लगी सोलर मोटर का प्रतीकात्मक चित्र।

**जनवरी माह में हुई चोरियां**

इसी प्रकार साल्हावास निवासी पवन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने खेत में सोलर पैनल लगाया हुआ है। बीती 27-28 जनवरी की रात उसके खेत से सोलर मोटर चोरी हो गई। यह मोटर उसकी माता राजवंती के नाम पर ली गई थी। 24 जनवरी को शेरिया गांव के तीन किसानों के खेतों में लगे सोलर पैनल के कंट्रोलर चोरी के मामले आए थे। किसान कुलबीर सिंह के अनुसार जब वह खेत में पहुंचा तो वहां से सोलर पंप का कंट्रोलर हो चुका था। इसके बाद जब उसने पड़ोसी किसानों से बात की तो पता चला गांव के ही मुकेश व सतबीर के खेत से भी इसी प्रकार की चोरी हो चुकी है। बारह जनवरी को मुंडाहेड़ा के किसान शुक्रमपाल ने बताया था कि अपने खेत में उसने वर्ष 2023 में सरकार द्वारा सोलर कनेक्शन लिया था। उसकी भी सोलर मोटर चोरी हो गई। 10 जनवरी को महराणा निवासी किसान महाबीर ने बताया कि उसने अपने खेत में सिंचाई के लिए सोलर मोटर लगा रखी थी। जब वह खेत में काम करने गया तो वहां से उसकी सोलर मोटर चोरी हो चुकी थी।



झज्जर। शिविर के दौरान दवा वितरण करते हुए संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## शिविर में 250 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव बिरधाना में सर्वोदय जनहित समाज कल्याण समिति द्वारा आयुष विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के साथ-साथ नजदीकी ईंट भट्ठों पर कार्यरत प्रवासी श्रमिकों ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान करीब 250 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और जरुरतमंद लोगों में निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई। इस दौरान डॉक्टर पवन देशवाल, डॉक्टर मोनिका देशवाल व उनकी टीम ने सेवाएं दी।



बेरी। प्रशिक्षण शिविर के दौरान उपस्थित किसान एवं विभागीय अधिकारी।

## किसानो को दिया उन्नत तकनीकों के माध्यम से फूलों की खेती का प्रशिक्षण

**बादली।** क्षेत्र के गांव मुनीमपुर स्थित बागवानी विभाग के पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केंद्र में बागवानी योजनाओं व उन्नत तकनीक के माध्यम से फूलों की खेती विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमें बारह किसानों को उन्नत तकनीकों के माध्यम से फूलों की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। परियोजना अधिकारी डॉक्टर सुरेश चंद ने खुले क्षेत्र में फूलों की खेती की उन्नत तकनीकों व विषय विशेषज्ञ हेमंत कुमार ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं और हाईटेक नर्सरी की जानकारी दी।

## विद्यार्थियों को किया जीवन में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित




झज्जर। विदाई समारोह में संस्थान स्टाफ सदस्यों के साथ मौजूद विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** शुक्रवार को आरईडी स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत हवन से हुई। उसके बाद स्कूल हेड ब्वॉय व हेड गर्ल ने भाषण के माध्यम से अपने अनुभव सांझा किए। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर को विभिन्न टाइटल देकर उनका उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# बकाया वेतन की मांग, धरना किया स्थगित

- शुक्रवार की शाम कर्मचारियों के खाते में आया पांच माह का वेतन
- शेष वेतन भी एक माह के भीतर दिए जाने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सिंचाई विभाग के कच्चे कर्मचारियों द्वारा बाइस माह के बकाया वेतन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों का यह दूसरा दिन रहा। इस दौरान राज्य प्रधान जयपाल गुढ़ा ने कहा कि उन्हें पिछले 22 माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है, जिसकी वजह से उनका गुजारा होना नामुमकिन हो गया है। वे पिछले लंबे समय से सिंचाई विभाग में अस्थाई कर्मचारी के तौर पर कार्यरत हैं। कर्मचारियों ने कहा कि विभाग द्वारा उनसे प्रतिदिन काम तो लिया जा रहा है लेकिन वेतन अभी तक नहीं दिया गया। बकाया वेतन की मांग को लेकर वे उच्चाधिकारियों से भी मिल चुके हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा भी उनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा है। मजबूरीवश कर्मचारियों ने धरने पर बैठने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन को मजबूर होंगे। समय रहते वेतन न दिए जाने पर उन्होंने सीएम आवास का घेराव करने की भी चेतावनी दी। इस दौरान मैकेनिकल वर्कर यूनियन के जिला प्रधान नवीन ओहल्याण व सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चावरिया ने भी संबोधित किया। इस मौके पर योगेश शास्त्री, जिला सचिव देवेंद्र सहरावत, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप फौजी, राहुल, सुनील मांगावास, अमित आसौदा, तकदीर, सुधीर व प्रदीप सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए शिवम चावरिया।

**एसई के आश्वासन पर धरना स्थगित**

मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के जिला प्रधान नवीन ओहल्याण ने बताया कि शाम को जब कर्मचारी धरने पर बैठे थे तो इसी दौरान प्रतिनिधि मंडल द्वारा एसई से वार्ता की गई। जिसके बाद कर्मचारियों का पांच माह का वेतन जहां शाम को ही उनके खातों में डाल दिया गया वहीं एसई द्वारा शेष बकाया वेतन को एक माह के अंदर कर्मचारियों के खातों में ट्रांसफर किए जाने के आश्वसन पर धरना स्थगित कर दिया गया।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को लेकर वर्चुअल कांफ्रेंस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी 11 फरवरी से शुरू होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को राज्य स्तरीय वर्चुअल कांफ्रेंस राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के राज्य उप निदेशक डॉक्टर मानस्वी चौपड़ा की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के सभी सभी जिलों में 1 साल से 24 साल तक बच्चों व लाभार्थी महिलाओं को गोली खिलाना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की कोई कमी ना रहे इसलिए जल्द ही तैयारी पूरी करें। उप सिविल सर्जन डॉक्टर बसंत दुबे एवं जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि लाभार्थियों को पेट की कीड़े मारने वाली एल्बेंडाजोल गोली खिलाने के लिए 11 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत 18 फरवरी को मॉपअप दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले सभी लाभार्थियों को गोली खिलाई जाएगी।




झज्जर। वर्चुअल कांफ्रेंस में मौजूद विभिन्न संबंधित विभागों के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## विद्यार्थियों को दी रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसरों की जानकारी



बादली। व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के तहत विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए एक्सपर्ट। फोटो :हरिभूमि

**बादली।** उपमंडल रोजगार कार्यालय द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी कुमारी नेहा लडवाल ने बताया कि व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के तहत आईटीआई जहांगीरपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुपनिया व खेड़ी जट्ट में आयोजन किए गए। इस दौरान एक्सपर्ट द्वारा करियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं स्कूल छोड़ चुके विद्यार्थियों को रोजगार एवं प्रशिक्षण और स्व-रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूक किया गया, ताकि युवा अपनी योग्यता के अनुसार स्वरोजगार का चुनाव कर सकें।



## विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**झज्जर।** शुक्रवार को संस्कारम विश्वविद्यालय में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। बेस्ट एथलेटिक्स का अवार्ड बीए प्रथम वर्ष के छात्र यशपाल और प्रिया को, बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड बीवीएससी के सौरभ को, बेस्ट बॉलर का अवार्ड एमबीए के सूर्या को दिया गया जबकि ओवर ऑल ट्रॉफी वेटरनरी के विद्यार्थियों ने जीती। चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह मानसिक और भावनात्मक सशक्तिकरण का भी आधार हैं। खेलों से अनुशासन, टीम वर्क और संघर्ष करने की भावना का विकास होता है।

# लड़कों ने भी दिखाई पाक कला में रुचि



झज्जर। कार्यशाला के दौरान व्यंजन बनाना सीखते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित कुकिंग और बेकिंग कार्यशाला के दूसरे दिन लड़कियों के साथ-साथ लड़कों ने भी पाक कला में रुचि दिखाई। महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉक्टर प्रियंका ने बताया कि दूसरे दिन प्राध्यापिका डॉक्टर आशा और इंदु ने विद्यार्थियों को सैंडविच, फ्रूटबॉलस, दही भल्ला, पपड़ी, स्प्राउट्स चाट आदि व्यंजन बनाने सिखाए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि कुकिंग और बेकिंग सीखकर हम उद्यमी बनने के गुण विकसित कर सकते हैं।

# साठ हजार दो सौ पच्चीस बीपीएल व एएवाई परिवारों ने कराया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को जिले के डेढ़ दर्जन गांवों में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा कैंप लगाकर पंजीकरण किया गया। डीएफएससी अशोक कुमार ने बताया कि अभी तक 60 हजार 225 बीपीएल व एएवाई परिवारों ने इस योजना के तहत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। शनिवार को झज्जर खंड के गांव छबीली, खखाना, खुड्डन, बिरधाना, सिलाना, जौंधी, पटासनी, बहादुरगढ़ खंड के गांव परनाला, आसंडा, गंगडवा, रोहद, बहादुरगढ़ शहर के वार्ड संख्या पांच व छह, बेरी खंड के गांव सिवाना, डीघल, मलिकपुर में राशन डिपो पर कैंप लगाए जाएंगे। खंड मातनहेल के गांव झांसवा, झामरी,खेड़ी होशदारपुर, जटवाड़ा व खाचरौली, बादली खंड के गांव जहांगीरपुर व खेड़ी जट्ट में शिविरों का आयोजन होगा।



झज्जर। कैंप में पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण करते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम। फोटो :हरिभूमि

# बच्चों को बताया बसंत पंचमी का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मैपल इंडो कैनेडियन स्कूल में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए ज्ञान तथा शिक्षा का वर मांगा। बच्चों द्वारा बड़ी श्रद्धा के साथ गाए गए मां सरस्वती के भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल निर्देशिका डॉ. सुनीता शर्मा द्वारा मां सरस्वती की पूजा के साथ हुआ। विद्यार्थी घरों से पीले रंग के स्वादिष्ट व्यंजन लेकर आए हुए थे। शिक्षकों ने पीले रंग के वस्त्र डाले हुए थे। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूल के बच्चों ने बसंत पंचमी पर स्पीच और कविताएं प्रस्तुत की। स्कूल स्टाफ ने भी बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी और सरस्वती माता का आशीर्वाद बच्चों पर बना रहे, इसकी कामना की। निदेशिका डॉ. सुनीता शर्मा ने बच्चों को बसंत पंचमी का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है। इसलिए इसे सरस्वती पूजन के नाम से भी जाना जाता है। पर्व को मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को मां सरस्वती की महत्ता से अवगत करवाना है।



- बच्चों द्वारा बड़ी श्रद्धा के साथ गाए गए मां सरस्वती के भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया

बहादुरगढ़। मां सरस्वती को नमन करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

**दुकान से मूर्तियां चोरी कर ले गई महिलाएं**

**रेवाड़ी।** बाजार में एक दुकान से महिलाएं राम दरबार की मूर्ति चोरी कर ले गई। मोहल्ला ठठेरान गोकल बाजार निवासी कुलदीप कुमार ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने दुकान चौधरी हुक्मा व म्यूजिक स्टोर के नाम से मौहल्ला ठठेरान में दुकान की हुई है।

**सूचना**

मैं, महेन्द्र सिंह पुत्र मुन्शी राम निवासी गली नंबर-6, हाउस नंबर-257, वार्ड नंबर-7, नर सिंह नगर लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आदिल तथा मेरी पुत्रवधु परवीना मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

MONTHLY SHOPPING PAR
MAHA BACHAT
UPTO 80% OFF
SHOP NOW
01 FEB. TO 07 FEB. 2025

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
ON ALL MRP 6% OFF
UPTO 80% OFF
*T&C APPLY

ROHTAK
DIGHAL
SAMPLA
GOHANA
JHAJJAR
BAHADURGARH

## WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा, बचत सबसे ज्यादा!

- BROOKE BOND TAJ MAHAL TEA — MRP ~~₹710~~ — OUR PRICE ₹549
- DABUR CHYAWANPRASH AWALEHA GUR (JAGGERY) 540GM — MRP ~~₹240~~ — OUR PRICE ₹150
- TATA TEA PREMIUM 1KG — MRP ~~₹560~~ — OUR PRICE ₹340
- BUY 1 GET 1 FREE! — DABUR GLUCOPLUS-C ORANGE 1KG
- FORTUNE SUN LITE OIL 1Ltr. — MRP ~~₹180~~ — OUR PRICE ₹158
- FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1Ltr. — MRP ~~₹173~~ — OUR PRICE ₹149
- MOTHER DAIRY GHEE 1Ltr. — MRP ~~₹675~~ — OUR PRICE ₹555
- SAFFOLA GOLD OIL 1L POUCH — MRP ~~₹185~~ — OUR PRICE ₹179
- Jivo pomace olive oil 5 ltr — MRP ~~₹4999~~ — OUR PRICE ₹2499
- PREET LITE GHEE 1 LTR — @ ₹315
- HERSHEY'S SYRUP CHOCOLATE 623GM — MRP ~~₹230~~ — OUR PRICE ₹155
- PRABHAS PURE DESI GHEE 1LTR — FREE! — BUY 1 GET 1
- GAIA CRUNCHY MUESLI AMARANTH 750 GM BOX — FREE! — BUY 1 GET 1
- DABUR VEDIC TEA 250G — FREE! — BUY 1 GET 1
- DAVIDOFF RICH AROMA COFFEE 100G — MRP ~~₹749~~ — OUR PRICE ₹599
- MY FITNESS WHEY PROTEIN — 50% OFF ON MRP
- UNIFIT KHAJOOR 500G — FREE! — BUY 1 GET 1
- MARVEL TEA — 1 KG ONLY ₹349
- PRO NATURE — 20% OFF
- MYFITNESS PEANUT BUTTER — 40% OFF

### WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- MOONG CHILKA 1KG — OUR PRICE ₹115
- RAJMA CHITRA 1KG — OUR PRICE ₹130
- MALKA MASOOR 1KG — OUR PRICE ₹80
- MALKA KALI DAAL 1KG — OUR PRICE ₹90
- CATCH COLDDRINK 1.25L — FREE! — BUY 1 GET 1
- NESCAFE CLASSIC COFFEE — FREE RED MUG 190GM — FREE! — OUR PRICE ₹735
- MAGGI TOMATO KETCHUP 970G — WITHOUT OFFER MRP ₹165 — OUR PRICE ₹99
- BORGES PASTA — BUY 1 GET 5 FREE!
- PEDIASURE CHOCLATE FLAVOR 1 KG — MRP ~~₹1785~~ — OUR PRICE ₹1428
- KELLOGG'S OATS JAR 850G — MRP ~~₹224~~ — OUR PRICE ₹140
- RAJDHANI BESAN 1KG — MRP ~~₹155~~ — OUR PRICE ₹102
- DABUR CHYWANPRASH 950 GM — MRP ~~₹410~~ — OUR PRICE ₹330
- SANSU CHYAWANPRASH KESAR YUKT — BUY 1 GET 1 FREE!
- VITA GHEE 1Ltr. — MRP ~~₹680~~ — OUR PRICE ₹599
- INDIA GATE BASMATI RICE SUPER 5KG — MRP ~~₹1140~~ — OUR PRICE ₹899
- INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG — MRP ~~₹1255~~ — OUR PRICE ₹949
- AMUL BUTTER 500 GM — MRP ~~₹295~~ — OUR PRICE ₹277
- JIVO MUSTERD OIL 1 L — MRP ~~₹255~~ — OUR PRICE ₹165
- HIMALAYA BODY LOTION 400ML — BUY 1 GET 1 FREE
- k'triq HAND WASH, DETERGENT, FLOOR CLEANER, DISHWASH — SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- HIMALAYA DIAPERS LARGE PACKET — BUY 1 GET 1 FREE
- PEDIGREE DOG FOOD — 12.5% OFF ON MRP
- MILTON — upto 50% OFF ON MRP
- CLASSMATE NOTEBOOKS — 20% OFF ON MRP

### UNDERGARMENTS MEN & WOMEN — SALE!

| Brand | Discount |
|---|---|
| Dollar | 30% |
| JOCKEY | 20% |
| BODYCARE | 20% |
| VAN HEUSEN | 20% |
| MACROMAN | 30% |
| U.S. POLO ASSN. | 20% |
| BODY SCOTT | 30% |
| LUX cozi | 30% |
| MACHO UNDERWEAR | 30% |

- PAMPERS ALL ROUND PROTECTION M-SIZE 76N — FREE! — BUY 1 GET 1
- SAFE WASH — BUY 1 GET 2 FREE!
- KRESSA WIPES 50 PULLS — FREE! — BUY 1 GET 1
- ODONIL ROOM SPRAY LAVENDER — FREE! — @ ₹65
- BELLA VITA PARFUME — BUY 2 GET 1 FREE!
- TIDE 9KG — MRP ₹999 — OUR PRICE ₹715
- PANTENE - LOREAL - DOVE - TRESEMME - HEAD & SHOLDER - CLINIC PLUS - SUNSILK SHAMPOO ABOVE 650ML — BUY 1 GET 1
- VASELINE BODY LOTION 400ML — FREE! — BUY 1 GET 1
- FRESH START COCONUT & LIME SHOWER GEL 400ML — FREE! — BUY 1 GET 1
- CLENSTA COSMOPOLITAN DEODORANT 150ML — BUY 1 GET 5 FREE!
- USTRA DEO — BUY 1 GET 2 FREE!
- PRIL LIQUID LIME 2LTR — PRICE ₹299 — ~~MRP ₹499~~
- LUX ADVANCED RADIANT GLOW ROSE 150*3 — PRICE ₹129 — ~~MRP ₹179~~
- ITC NIMEASY DISHWASH GEL 1L — FREE! — BUY 1 GET 1
- Ariel Top/Front load matic liquid Detergent 3.2 ltr — BUY 2 GET 1 FREE!
- BECO FRONT LOAD/TOP LOAD, 2Ltr. Liquid — BUY 1 GET 1 FREE!

**Rohtak** **Address:** Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak.
**Contact:** +91-8199999480

**Bahadurgarh** **Address:** Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
**Contact:** +91-9992296899

**Jhajjar** **Address:** Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
**Contact:** +91-8750187531

**Sampla** **Address:** Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
**Contact:** +91-8930062800

**Gohana** **Address:** Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
**Contact:** +91-7419002626

**Dighal** **Address:** Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
**Contact:** +91-7419202127

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.